# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)

## आख्या सामान्य एवं विशेष शिविर - 2024

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## इकाई 1 एवं 2

## सत्र- 2023-24

कार्यक्रम अधिकारी

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

प्राचार्य

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)
## राष्ट्रीय सेवा योजना
### सात दिवसीय विशेष शिविर योजना इकाई एक एवं दो
### सत्र 2023-24
### कार्यक्रम की रूपरेखा-दिनांक 16.03.24 से 22.03.24

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर जो कि दिनांक 16 मार्च 2024 से 22 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में कार्यरत प्रवक्ताओं एवं अतिथियों का व्याख्यान निम्न तिथियां पर सुनिश्चित किया गया है।

| क्रम संख्या | दिनांक | कार्यक्रम | व्याख्यान |
|---|---|---|---|
| 1. | 16.03.2024 | शुभारंभ एवं स्वच्छता अभियान | प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी |
| 2. | 17.03.2024 | जल संरक्षण संगोष्ठी एवं लिंग निषेध संगोष्ठी | डॉ. संदीप नाथ तिवारी (प्राध्यापक) एवं ग्राम प्रधान उमरी- श्रीमती उर्मिला |
| 3. | 18.03.2024 | योग स्वास्थ्य जागरूकता शिविर | डॉ. सलमान, डॉ. रामपोश (प्राध्यापक) |
| 4. | 19.03.2024 | मिशन शक्ति अभियान | डॉ. कीर्ति शुक्ला (प्राध्यापक), पुलिस थाना मानिकपुर |
| 5. | 20.03.2024 | धूम्रपान निषेध जागरूकता/मतदाता जागरूकता रैली | श्री विजय प्रकाश यादव (प्राध्यापक), शेषमणि गुप्ता दैनिक जागरण प्रेस |
| 6. | 21.03.2024 | मिशन शक्ति अभियान | डॉ. कीर्ति शुक्ला (प्राध्यापक), कुमारी पारुल सिंह परिहार (नायब तहसीलदार), मानिकपुर, अनुज हनुमंत (पत्रकार) |
| 7. | 22.03.2024 | सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समापन समारोह | प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी |

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)
## राष्ट्रीय सेवा योजना

**एक दिवसीय सामान शिविर योजना इकाई एक एवं दो**

**सत्र 2023-24**

**कार्यक्रम की रूपरेखा- दिनांक 04.03.24 से 12.03.24**

| क्रम संख्या | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 04.03.2024 | स्वच्छता अभियान |
| 2. | 06.03.2024 | मतदाता जागरूकता "चुनाव का पर्व मेरा पहला वोट देश के लिए" |
| 3. | 07.03.2024 | सड़क सुरक्षा अभियान |
| 4. | 12.03.2024 | बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ पर्यावरण एवं जल संरक्षण की समस्या |

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्र.

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

पत्रांक :

# प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2023-24 के चारों एक दिवसीय सामान्य शिविर एवं विशेष शिविर (सात दिवसीय) व शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक श्री धर्मेन्द्र सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई-दो डॉ. इफरा जूमी द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित कराया गया।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर
## प्रगति-आख्या

दिनांक- 04.03.2024

प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर **"स्वच्छता अभियान"** दिनांक 4 मार्च, 2024 को राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के तत्त्वावधान में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की वैधानिक शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य/संस्था अध्यक्ष डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया । यह शिविर मुख्य रूप से महाविद्यालय की स्वच्छता पर आधारित था, जिसका उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखा जाए। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय उत्थान हेतु सदैव तत्पर रहने का मतव्य दिया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य से रूबरू कराया एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई दो डॉ. इफरा जूमी ने स्वच्छ भारत मिशन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम श्री धर्मेंद्र सिंह ने किया।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर
## प्रगति-आख्या

दिनांक- 06.03.2024

द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर **"मतदाता जागरूकता"** रैली राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं दो के अंतर्गत दिनांक 06 मार्च, 2024 को आयोजन किया गया । सामान्य शिविर का मुख्य आधार मतदाता जागरूकता एवं चुनाव का पर्व **"मेरा पहला वोट देश के लिए"** रैली एवं संगोष्ठी पर आधारित रहा । इस शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने टोली बनाकर घर-घर जाकर मतदान के प्रति जनता को जागरूक किया । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह इकाई एक एवं डॉ. इफरा जूमी इकाई दो ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ला ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित कर बताया कि मतदान लोकतंत्र का आधार स्तंभ है इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

**राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट**
**राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर**
**प्रगति-आख्या**

दिनांक- 07.03.2024

तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर **"सड़क सुरक्षा"** राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं दो के अंतर्गत दिनांक 7 मार्च, 2024 को तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। तृतीय सामान्य शिविर का मूल विषय सड़क सुरक्षा पर केंद्रित था इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह इकाई एक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इफरा जूमी इकाई दो नों शासन के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की महिमा पर प्रकाश डाला, साथ ही साथ उन्होंने यात्रा के दौरान दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही साथ स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के द्वारा ग्रामीण अंचल में रैली निकाल कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

**राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट**
**राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय सामान्य शिविर**
**प्रगति-आख्या**

दिनांक- 12.03.2024

चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर **"बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ पर्यावरण एवं जल संरक्षण की समस्या"** राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दिनांक 12 मार्च, 2024 को एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा परिसर की स्वच्छता कर शिविर के उद्देश्य को चरितार्थ किया गया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम श्री धर्मेंद्र सिंह एवं डॉ. इफरा जूमी इकाई द्वितीय ने पर्यावरण संरक्षण के निहित उद्देश्य एवं वैश्विक पटल पर इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने जल संरक्षण के बारे में बताया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर भूजल को संचित किया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## प्रगति आख्या

दिनांक- 16.03.2024

राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 16.03.2024 को प्राथमिक विद्यालय उमरी में विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ल द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं की कुल संख्या 100 के साथ आरंभ हुआ। सरस्वती वंदना का गायन स्वयंसेविका काजलकंचनी, चेतना पांडे एवं प्रतिमा द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को अनुशासित रहकर राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिदिन श्रमदान, बौद्धिक सत्र एवं समसामयिक विषयों पर विचार विमर्श, स्वच्छता एवं अन्य जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान कर प्राथमिक विद्यालय उमरी के परिसर को स्वच्छ रखने में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम श्री धर्मेंद्र सिंह एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इफरा जूमी कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय ने किया।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## प्रगति आख्या

दिनांक- 17.03.2024

सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस के अंतर्गत 17 मार्च 2024 को स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। द्वितीय दिवस के व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य **"जल संरक्षण संगोष्ठी एवं लिंग निषेध"** की महिमा पर आधारित था। इस दिवस के थीम की प्रासंगिकता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ला ने जल संरक्षण एवं उसके विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही कार्यक्रम अधिकारी ने भी जल संरक्षण और पर्यावरण के संबंधों पर जीवन शैली को समझाया। ग्राम प्रधान उमरी श्रीमती उर्मिला ने लिंग विभेद सामाजिक अपराध के निषेध की गरिमा को रेखांकित किया। साथ ही साथ उन्होंने लिंग निषेध के संदर्भ में उद्बोधन किया की लिंग भेदभाव एक सामाजिक मुद्दा है जो हमारी सामाजिक व्यवस्था में युगों से मौजूद है। विशेष रूप से समाज में विभिन्न लिंगों के प्रति अन्यायपूर्ण व्यवहार को संदर्भित किया, महिलाएं लैंगिक असमानता के आधार पर शिकार हैं क्योंकि उन्हें इस पुरुष प्रधान समाज में पुरुषों की तुलना में निम्न श्रेणी का माना जाता है। इस अवसर पर समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के अलावा महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम श्री धर्मेंद्र सिंह एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इफरा जूमी इकाई द्वितीय ने किया।

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## प्रगति आख्या

दिनांक- 18.03.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत दिनांक 18 मार्च 2024 को तृतीय दिवस में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम की वैधानिक शुरुआत की। तृतीय दिवस की व्याख्यान का मुख्य थीम **"योग स्वास्थ्य, जागरूकता"** पर आधारित था। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर के डॉ. सलमान ने योग, स्वास्थ्य प्रासंगिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान श्री रविशंकर सिंह प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय उमरी ने भी योग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम श्री धर्मेंद्र सिंह एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इफरा जूमी कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय ने किया।

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी
कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## प्रगति आख्या

दिनांक- 19.03.2024

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस अर्थात 19 मार्च 2024 को शिविर की विधिवत शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत **"उठे समाज के लिए उठे उठे"** से प्रारंभ हुई। चतुर्थ दिवस के व्याख्यान का मुख्य फोकस **"मिशन शक्ति"** अभियान पर आधारित था । इस दिवस के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. कीर्ति शुक्ला ने अपने वक्तव्य से महिला स्वालंबन एवं उत्थान हेतु संकल्पित मिशन शक्ति अभियान पर विस्तृत प्रकाश डाला । स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया किया कि मिशन शक्ति एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को सशक्त बनाना है । इस दौरान थाना मानिकपुर की पुलिस प्रशासन ने भी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को मिशन शक्ति हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076 एवं 112 जैसे नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इफरा जूमी इकाई द्वितीय एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन श्री धर्मेंद्र सिंह कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम ने किया ।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

**राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट**
**राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर**
**प्रगति आख्या**

दिनांक- 20.03.2024

सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस दिनांक 20 मार्च 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के पंचम दिवस विशेष शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। इस दिवस का मुख्य विषय **"धूम्रपान निषेध जागरूकता"** पर अभिकेन्द्रित था । इस दिवस के मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री विजय प्रकाश यादव ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया । समाज में नशे के लत को समाप्त करने के उद्देश्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रामपोष ने अपने उद्बोधन में उद्गार व्यक्त किया की सबसे अधिक नशा इंसान के शरीर और दिमाग को नुकसान पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ता। नशा करने से स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। अंत में समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवकों ने संस्थाओं एवं गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाकर नशा छोड़ने हेतु सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान की शपथ ली। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इफरा जूमी इकाई द्वितीय एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री धर्मेंद्र सिंह कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम ने किया।

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## प्रगति आख्या

दिनांक- 21.03.2024

दिनांक 21 मार्च 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो कि षष्ठम दिवस विशेष शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। इस दिवस का मुख्य विषय **"मिशन शक्ति"** था। इस अवसर पर तहसील मानिकपुर की नायब तहसीलदार कुमारी पारुल परिहार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही । उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को जागरूक किया और शासनादेश के अनुरूप सभी कार्यों में सहभागिता करने को कहा । साथ ही समाज के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इफरा जूमी इकाई द्वितीय एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री धर्मेंद्र सिंह कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम ने किया।

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

Scanned with CamScanner

# राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर, चित्रकूट
## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## प्रगति आख्या

दिनांक- 22.03.2024

दिनांक 22 मार्च 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के सातवें दिन विशेष शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। विशेष शिविर में इकाई एक एवं दो के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक पाठशाला उमरी, मानिकपुर, चित्रकूट में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुर्गेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन प्रातः मां सरस्वती वंदना और पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी । आयोजन प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्री धर्मेंद्र सिंह एवं द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इफरा जूमी ने क्रमशः व्याख्यान के माध्यम से विशेष शिविर के विगत छ:दिनों के अनुभव को साझा किया। साथ ही साथ स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ ने भी विगत दिनों के बारे अपने अनुभव को साझा किया । उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे शिल्पा पांडेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। दीपांजली और शालू ने अबला नारी सब पर भारी (नृत्य), संगीता देवी ने नारियों को समाज में आवश्यकता बताया ।काजलकंचनी ने धूम्रपान निषेध पर गीत प्रस्तुत किया, मालती सत्यान्जली, प्रियंका, दीपा, रिमझिम, प्राची आदि ने अपने विभिन्न उदगार प्रस्तुत किया । तत्पश्चात् पुनः लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर शिविर का समापन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इफरा जूमी इकाई द्वितीय एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री धर्मेंद्र सिंह कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम ने किया।

कार्यक्रम अधिकारी

इकाई प्रथम - श्री धर्मेंद्र सिंह

इकाई द्वितीय - डॉ. इफरा जूमी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

Scanned with CamScanner